# अध्याय - 8 | जल की विविध अवस्थाओं की यात्रा

QUIZ PART-04

1. **मिट्टी के मटके का जल ठंडा रहने का मुख्य कारण क्या है?**
   A. मटका जल को जमा देता है
   B. मिट्टी ऊष्मा उत्पन्न करती है
   C. जल मटके के भीतर संघनित होता है
   D. छिद्रों से निकला जल वाष्पित होकर ऊष्मा ग्रहण करता है (D)

***व्याख्या :*** मटके के छोटे छिद्रों से निकला जल वाष्पित होकर आसपास से ऊष्मा ग्रहण करता है।

2. **शीतलन प्रभाव कब कहा जाता है?**
   A. जब पदार्थ का तापमान बढ़े
   B. जब तापमान कम हो या पदार्थ से ऊष्मा निकले
   C. जब द्रव ठोस से गैस बने
   D. जब जल में नमक मिले (B)

***व्याख्या :*** किसी वस्तु का तापमान कम होने या उससे ऊष्मा निकलने पर शीतलन प्रभाव होता है।

3. **वाष्पीकरण के लिए आवश्यक ऊष्मा कहाँ से ली जाती है?**
   A. आसपास के वातावरण से
   B. केवल सूर्य से
   C. केवल मिट्टी से
   D. केवल बर्फ से (A)

***व्याख्या :*** वाष्पीकरण करने वाला द्रव अपने आसपास के वातावरण से ऊष्मा ग्रहण करता है।

4. **पॉट-इन-पॉट कूलर में फल और सब्जियाँ अधिक समय तक ताजी क्यों रहती हैं?**
   A. भीतर प्रकाश अधिक होता है
   B. रेत उन्हें गर्म रखती है
   C. शीतलन प्रभाव से अंदर का तापमान कम रहता है
   D. ढक्कन उन्हें जमा देता है (C)

***व्याख्या :*** गीली रेत से होने वाले वाष्पीकरण के कारण अंदर का तापमान कम रहता है।

5. **बादल बनने के क्रियाकलाप में ठंडी जलवाष्प किस पर संघनित होती है?**
   A. बोतल के प्लास्टिक पर
   B. केवल जल की सतह पर
   C. गर्म वायु के बड़े बुलबुलों पर
   D. धुएँ के सूक्ष्म कणों पर (D)

***व्याख्या :*** ठंडी जलवाष्प धुएँ या धूल के सूक्ष्म कणों पर संघनित होकर छोटी जल-बूँदें बनाती है।

6. **जलवाष्प ऊपर क्यों उठती है?**
   A. वह जल से भारी होती है
   B. वह वायु से हल्की होती है
   C. वह ठोस होती है
   D. उसे मिट्टी खींचती है (B)

***व्याख्या :*** जलवाष्प वायु से हल्की होती है, इसलिए वह ऊपर उठती है।

7. **जल चक्र के क्रम में पहला चरण कौन-सा है?**
   A. जल वर्षा के रूप में गिरता है
   B. बूँदें बादल बनाती हैं
   C. जल वाष्पित होकर वायु में मिलता है
   D. जल नदियों में पहुँचता है (C)

***व्याख्या :*** सूर्य की ऊष्मा से जल वाष्पित होकर वायु में मिल जाता है।

8. **बादल किस प्रकार बनते हैं?**
   A. छोटी जल-बूँदें मिलकर
   B. बर्फ सीधे गैस बनकर
   C. जल मिट्टी में रिसकर
   D. वर्षा की बूँदें गर्म होकर (A)

***व्याख्या :*** संघनन से बनी छोटी जल-बूँदें मिलकर बादलों का निर्माण करती हैं।

9. **बादलों की जल-बूँदें भारी होने पर क्या होता है?**
   A. वे जलवाष्प बन जाती हैं
   B. वे समुद्र में वाष्पित होती हैं
   C. वे ओस बनकर पौधों पर रहती हैं
   D. वे वर्षा के रूप में पृथ्वी पर गिरती हैं (D)

***व्याख्या :*** जल-बूँदें अधिक भारी हो जाने पर वर्षा के रूप में पृथ्वी पर गिरती हैं।

10. **निम्न में से कौन-सा जल संरक्षण का उचित उपाय है?**
   A. जल स्रोतों में कचरा डालना
   B. जल स्रोतों को स्वच्छ रखना
   C. जल को व्यर्थ बहाना
   D. जल प्रदूषण बढ़ाना (B)

***व्याख्या :*** जल स्रोतों को स्वच्छ रखना और जल प्रदूषण रोकना जल संरक्षण के महत्त्वपूर्ण उपाय हैं।